# बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय - विद्यापति मार्ग, पटना-800001

Email- bvapatna@gmail.com

डॉ० राय चन्द्र पासवान
अध्यक्ष
मो० 9471867310

डॉ० विनोद कुमार मुक्ता
प्रधान महासचिव
मो० 7488601083


पत्रांक- ..................... दिनांक- 31.05.2020

सेवा में,

सचिव महोदय,
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय ः– **पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार में संविदा पर कार्यरत डा0 धनंजय कुमार सिंह की आसामयिक मृत्यु के संबंध में। ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में बहुत दुःख के साथ अनुरोधपूर्वक कहना है कि डा0 सिंह की मृत्यु अस्पताल से घर लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में दिनांक 29.05.2020 को संध्या करीब 7.00 बजे हो गई। डा0 सिंह भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पानापुर, कैमूर के पद पर संविदा पर पदस्थापित थे। इनका परिवार निम्न मध्यमवर्गीय कृषक परिवार से आता है तथा डा0 सिंह की मृत्यु के पश्चात् इनके दो छोटे–छोटे बच्चों की सारी जिम्मेवारी इनकी पत्नी पर आ गई है जो कि एक साधारण गृहणी है।

अतः महोदय से करवद्ध प्रार्थना है कि COVID - 19 वैश्विक महामारी के दौरान जन सेवा करते हुए दिवंगत डा0 सिंह को CORONA WARRIOR का दर्जा देने के साथ इनकी पत्नी को मानवीय आधार पर विभाग में अनुकम्पा पर नियुक्ति एवं पचास लाख रुपये क्षतिपूर्त्ति अनुदान हेतु संबंधित प्रभाग को निर्देशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

अनु0ः– यथोक्त।

ह0/–
(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)
प्रधान महासचिव

ज्ञापांक ......48....../ बिप0चि0संघ पटना, दिनांक......31.05.2020

प्रतिलिपि ः– निदेशक, पशुपालन, बिहार को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

31.05.20

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)
प्रधान महासचिव

... no of Shivsagar P.S. ... Kumar age abou
on dated 30/5/20 at 14:35 hours at Shivsagar P.S. recorded by myself.

मैं पु० अ० नि० विनीत कुमार वर्तमान में शिवसागर थानाध्यक्ष के पद पर पदस्थापित हूँ। आज दि० 30/5/20 को समय 14:35 बजे शिवसागर थाना पर अपना स्वलिखित बयान अंकित करता हूँ कि सनहा सं० 778 दि० 29/5/20 में उल्लेखित ट्रक वाहन संख्या UP 25 DT/0756 एवं मोटर साईकिल BR 44U/3075 पर सवार तीन व्यक्ति के बीच शिवसागर मोड़ के पास दुर्घटना की सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु आज दि० 30/5/20 को समय 13:00 बजे थाना से प्रस्थान किया। सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के क्रम में शिवसागर मोड़ पहुँचा। स्थानीय एवं आसपास के लोगों से पूछताछ एवं पता किया तो लोगों द्वारा बताया गया कि कल दिनांक 29/5/20 को समय 18:35 बजे ट्रक वाहन सं० UP 25 DT/0756 जो सासाराम की ओर से आ रही थी जो मोटर साईकिल वाहन सं० BR 44U/3075 पर सवार तीन व्यक्ति को N.H. 2 पर स्थित शिवसागर मोड़ पार करने के क्रम में उपरोक्त वाहन का चालक तेजी एवं लापरवाही से वाहन को चलाते हुए आया तथा उक्त मोटरसाईकिल में धक्का मार दिया जिससे मोटर साईकिल पर सवार तीनों व्यक्ति घायल हो गए एवं जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों की सहायता से जख्मियों को इलाज हेतु सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया। लोगों द्वारा बताया गया कि मोटर साईकिल पर सवार एक व्यक्ति पशु चिकित्सक धनंजय सिंह थे। तत्पश्चात सासाराम सदर अस्पताल पहुँचा। वहाँ उपस्थित चिकित्सक महोदय द्वारा बताया गया कि तीनों जख्मियों को बेहतर इलाज हेतु ट्रामा सेंटर बी० एच० यू० (U.P.) भेजा गया है। अस्पताल में संधारित अभिलेख का अवलोकन किया तो जख्मियों का नाम-पता (1) धनंजय सिंह उम्र 46 वर्ष (2) कमलेश सिंह उम्र 40 वर्ष दोनों पिता- राजेन्द्र सिंह, ग्राम- पड़रा, थाना- चौसा, जिला- रोहतास एवं (3) अनिल सिंह उम्र 45 वर्ष पिता रामआशीष सिंह सा- गीताघाट कॉलोनी, पेट्रोल पम्प के पीछे गौरक्षणी, थाना- नगर सासाराम, जिला- रोहतास अंकित पाया। सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई उपरांत थाना वापस आया। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त दुर्घटना कारित वाहन को अनुसंधान के क्रम में परिसर में रखा गया है।

इस प्रकार उपरोक्त दुर्घटना कारित वाहन ट्रक सं० UP 25 DT/0756 के अज्ञात चालक के

P.T.O

जिसका तेजी एवं लापरवाही से बस चलाकर
मोटर साईकिल रजि० नं० BR24U/3075 पर सवार
तीन व्यक्तियों को धक्का मारकर घायल कर
देने के आरोप में आवेदन करता हूँ।

30/5/2020
थानाध्यक्ष
शिवसागर थाना।

Return and Registered Shivsagar P.S. Case No 154/20 dt- 30/5/20 u/s 279/337/338 I.P.C & A.S.I Ranjeet Kumar will ~~[illegible]~~ investigate this case.

(signature)
30/5/2020
(Girish Kumar
SHO Shivsagar PS